





नवभारत
सतना, रविवार 21 जून, 2026


# कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केन्द्रों में आज होगी नीट यूजी की परीक्षा

## परीक्षा में 5399 परीक्षार्थी होंगे शामिल, प्रवेश के लिए सुबह 11.30 बजे खुल जाएंगे परीक्षा केन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, रीवा जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जा रही है. परीक्षा के लिए रीवा में 13 केन्द्र बनाए गए हैं.**



इनमें टीआरएस कालेज, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, एसके स्कूल, मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल, पीके सांदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल, मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक, पॉलिटेक्निक कालेज, मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक शामिल हैं. शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक दो में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. प्रवेश परीक्षा में कुल 5399 विद्यार्थी शामिल होंगे. विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए सुबह 11.30 बजे से परीक्षा केन्द्र खुल जाएंगे. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुलिस अधिकारी तथा कम से कम चार सुरक्षाकर्मी तैनात करें. सुरक्षाकर्मियों में 50 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कम से कम एक एएसआई स्तर का पुलिस अधिकारी तैनात करें. परीक्षा के प्रश्नपत्र बैंक में सुरक्षित रखे गए हैं. बैंक से प्रत्ये परीक्षा केन्द्र के लिए पृथक वाहन में प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे. पुलिस अधीक्षक इन वाहनों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक पुलिस बल तैनात करें.

कलेक्टर ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के अभिभावकों के बैठने के लिए पण्डाल की व्यवस्था करें. इसमें पेयजल, ग्लूकोज तथा ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराएं. परीक्षा केन्द्रों में सफाईकर्मी भी तैनात रखें. अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल सभी परीक्षा केन्द्रों में 20 और 21 जून को बिजली की निरंतर आपूर्ति चालू रखें. परीक्षा केन्द्र में बिजली की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी कराएं. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है.

## अवैध पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रीवा, 20 जून,** रीवा के समान थाना क्षेत्र में रतहरी नहर के पास से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, पकड़ा गया आरोपी पिस्टल की नोक पर उत्पात मचा रहा था. समान थाना पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सिरमौर निवासी दिनेश गिरी है जो सामान थाना क्षेत्र के संजय नगर में रहता है. पकड़े गए आरोपी दिनेश गिरी का 2 दिन पूर्व ही पिस्तौल लहराते वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक मोटर साइकिल में सवार होकर आरोपी पिस्टल दिखाते वीडियो काल पर नजर आ रहा था. चलती मोटर साइकिल में दो युवक बेस बाल का डंडा एवं पिस्टल लेकर वीडियो बनाकर भोकाल मचा रहे थे. बीती रात रतहरी नहर के पास ऐसे ही एक युवक के बारे में पुलिस को सूचना मिली जो पिस्तौल लेकर लोगों को डरा धमका रहा था. जानकारी मिलते ही समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार शिक्षक को मारी टक्कर, मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, मऊगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा ओवरब्रिज पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई.**



हादसा इतना भयावह था कि शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतक शिक्षक मऊगंज में आयोजित कलेक्टर की बैठक में शामिल होने आए थे और बैठक समाप्त होने के बाद अपने घर लौट रहे थे. राहगीरो के अनुसार कार की टक्कर लगते ही शिक्षक सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मऊगंज सिविल अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया. मृतक की पहचान हिन्छलाल कोल, निवासी ग्राम शिवपुरा तेलियाबुड़ के रूप में हुई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

### जमीन विवाद में गिराई बाउंड्री, पत्थरबाजी भी की

**रीवा,** मनगवां थाना क्षेत्र में आरोपियों ने देर रात एक मकान की बाउंड्री को धराशाई कर दिया. आरोप है कि अवैध हथियार लेकर आए आरोपी घर में पत्थरबाजी और गाली गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए. ड़रा सहमा परिवार फरियाद लेकर सुबह ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया. पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फरियादिया निर्मला तिवारी ने बताया कि वह अपने घर का निर्माण कर रही थी जिसको रोकने के लिए आरोपी उसे धमकी दे रहे थे. बीते दिनों हुई घटना के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई इसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों ही पक्षों को समझाइस दी गई. इसी मामले को लेकर बीती रात आरोपियों ने प्रार्थी के द्वारा निर्मित कराई गई बाउंड्री को धराशाई कर दिया फरियादिया के अनुसार आरोपी अवैध हथियार लेकर आए और उसके घर पर पत्थरबाजी की. घटना से खौफजदा परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और कार्यवाही की मांग की.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रम में हुए शामिल

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निज निवास अमहिया में जनदर्शन कार्यक्रम में आमजनों से भेंट की. उप मुख्यमंत्री ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये. उप मुख्यमंत्री ने कोठी काम्पउंड स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्जना की तथा प्रदेश एवं क्षेत्र के निवासियों की सुख समृद्धि की कामना की. उप मुख्यमंत्री ने मंदिर के विस्तार के लिए किये जा रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिये. इस अवसर पर सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

### भाजपा कार्यालय में मनाया जाएगा योग दिवस

**रीवा,** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय अटल कुंज में प्रात: 7:30 बजे योग कार्यक्रम का आयोजन होगा. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ एवं निरोग जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है. भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

### गुढ़ में योगाभ्यास आज

**गुढ़,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ द्वारा 21 जून रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राचीन गढ़ी प्रांगण गुढ़ में प्रात: 6 बजे से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम पी.एम. श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुढ़ एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय गुढ़ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा जन-जन में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया जाएगा. भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

### घरेलू विवाद में युवक से जमकर मारपीट

**गुढ़,** गुढ़ थाना क्षेत्र के बरसैता में आपसी घरेलू विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष ने थाना गुढ़ में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नैकिन थाना गोविंदगढ़ निवासी नीतेश चतुर्वेदी ने शिकायत में बताया कि 19 जून को उन्हें उनके जीजा उपेंद्रमणि पाण्डेय का फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनके भांजे ऋतिक देव पाण्डेय के साथ मारपीट हुई है. सूचना मिलने पर वह तत्काल घटनास्थल बरसैता पहुंचे, जहां ऋतिक के सिर से खून निकल रहा था. शिकायत के अनुसार घरेलू विवाद के दौरान जानभूषण पाण्डेय द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज की जा रही थी. विरोध करने पर जानभूषण पाण्डेय एवं उनकी पत्नी ने ऋतिक देव पाण्डेय के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई. घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों के सामने भी आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है. घायल ऋतिक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया.

### विशेष शिविरों में 218 आवेदन हुए प्राप्त

**रीवा,** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा ''लोक कल्याण मेला'' के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. विशेष अभियान में पथ विक्रेताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है. अभियान की निरंतरता में 20 जून को आयोजित शिविरों में चारों जोनों से कुल 218 आवेदन प्राप्त हुए. निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार 12 जून से 22 जून 2026 तक विशेष अभियान के तहत नगर निगम के सभी जोनों में शिविर लगाए जा रहे हैं. शिविरों में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर पथ विक्रेताओं को प्रेरित करते हुए पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 218 आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई. शिविरों के दौरान जोन क्र.01 में 45, जोन क्र.02 में 57, जोन क्र.03 में 53 एवं जोन क्र.04 में 63 अर्थात कुल 218 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी आवेदन शामिल हैं.

# उप मुख्यमंत्री योग दिवस कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा. योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित किया जाएगा.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन मिश्र करेंगे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद श्री मिश्र विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होंगे. समारोह में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा आमजन शामिल होकर योग से निरोग काया का संदेश देंगे. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि विश्व योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे से आरंभ होगा. सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी सुबह 6 बजे तक स्पोर्टस काम्पलेक्स में एकत्रित होंगे. सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का उद्बोधन होगा. कार्यक्रम में सुबह 6.30 बजे से 7 बजे तक कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जायेगा. इसमें सुबह 6.45 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व योग दिवस पर आमजनों को संबोधित करेंगे. सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास किया जायेगा.



# घर की दीवार तोड़ कर चोरी का असफल प्रयास

नवभारत न्यूज

**रीवा, गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजुहा कला (पाण्डेय टोला) में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक पक्के मकान की दीवार खोद कर चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है. पीड़ित राममणि पाण्डेय ने थाना गुढ़ में आवेदन देकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है.**

आवेदन के अनुसार बीती रात लगभग 12 बजे के बाद जब घर के सभी सदस्य सो चुके थे, तभी अज्ञात चोरों ने पक्के मकान की दीवार खोद कर घर के अन्दर घुसने का प्रयास किया. चोरों ने घर की पक्की दीवार को तोड़कर अंदर प्रवेश करने की बहुत कोशिश की, लेकिन घर के अन्दर दीवार से सटी हुई रखी टीना की बड़ी वाली पेटी नो चोरो की चोरी पर पानी फेर दिया और पेटी की भड भडाहट की आवाज सुन जाग उठे. हालांकि समय रहते घटना की जानकारी होने पर कोई बड़ी चोरी नहीं हो सकी, लेकिन चोरों द्वारा दीवार को नुकसान पहुंचाया गया. पीड़ित श्री पाण्डेय ने थाना प्रभारी गुढ़ को दिए आवेदन में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस द्वारा मामले की जांच किए जाने के बाद ही घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी. हालांकि चोरी के प्रयास की इस घटना से गांव के लोगो में चिंता का माहौल बन चुका है.

# पिता के लापता होने से परेशान बालिकाएं बैठी क्रमिक अनशन पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, रीवा जिले की तहसील जवा के थाना डभौरा के नगर परिषद डभौरा बस्ती में रहने वाले फूलचंद आरख को 27 मई 2026 को गायब कर दिया गया. इसकी रिपोर्ट डभौरा थाना में फूलचंद की बालिकाओं द्वारा की गई.**




लेकिन डभौरा पुलिस आज तक फूलचंद आरख का पता नहीं लगा सकी तो उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक, डीआईजी, कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया. लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो एसडीएम को एसडीओपी थाना प्रभारी डभौरा को ज्ञापन सौंप कर शनिवार से डभौरा थाना के सामने अपने पिता फूलचंद आरख को पता लगाकर लाने और अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर क्रमिक अनशन में बैठ गई हैं उनके अनशन स्थल पर जाकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव कांग्रेस नेता विश्वनाथ सिंह युवा कांग्रेस नेता अमर सिंह बघेल ने समर्थन करते हुए कहा है कि एक सप्ताह के अंदर न्याय नहीं मिला तो हमारी पार्टी के नेतृत्व में आंदोलन करेगी.

अब देखना तो यह है कि पुलिस अधीक्षक रीवा अनशनकारी बालिकाओं को कितने घंटे में न्याय दिला कर लापरवाह पुलिस वालों पर कार्रवाई करेंगे.

## रक्तदान शिविर आज

**रीवा, 20 जून,** सामाजिक संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 21 जून विश्व योग दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जा रहा है. शिविर संस्थान के कार्यालय नेहरू नगर बस स्टैंड के सामने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा. संस्थान के सचिव डॉ. अभय मिश्रा ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला रेडक्रास समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है. शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं.

# संजय गांधी अस्पताल के मर्चुरी से बिना पोस्टमार्टम बॉडी ले गए परिजन

## अंतिम संस्कार की थी तैयारी, मौके पर पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, रीवा के सजय गांधी अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अस्पताल की मर्चुरी में रात को शिफ्ट बॉडी सुबह अचानक से गायब हो गई.**



मृतक के परिजनों ने पहले मौत पर आशंका जाताई फिर जब एमएलसी केस बना तो बिना पोस्टमार्टम के ही मर्चुरी में शिफ्ट हो चुकी बॉडी लेकर चले गए. घटना के बाद एक ओर जहां अस्पताल मे हड़कंप की स्थिति निर्मित रही तो वहीं दूसरी ओर परिजन शव का अंतिम सस्कार करने की तैयारी कर रहे. इसी बीच पहुंची पुलिस ने अंतिम सस्कार को रोककर शव को पोस्टमार्टम के लिये दोबारा अस्पताल लाया. दरअसल गोविदगढ थाना क्षेत्र ग्राम कनौजा निवासी मुकेश बंसल नामक युवक को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था. जहां बीती रात उपचार के दौरान ही युवक की मौत हो गई. मामले में एक हष्ट पुष्ट और नौजवान युवक की महज उल्टी दस्त से हुई मौत पर परिजनों नें आशंका जताई जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने एमएलसी केस मानकर बॉडी को मर्चुरी में शिफ्ट करा दिया, लेकिन आज सुबह जब मर्चुरी से उक्त बाडी गायब मिली तो हड़कंप मच गया. पता चला कि मृतक के परिजन बिना किसी सूचना के ही बॉडी अपने साथ ले गए. जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर शव को पीएम के लिये दोबारा अस्पताल मंगाया. बताया गया कि परिजन शव का अंतिम सस्कार करने की तैयारी कर चुके थे, इसी बीच पुलिस के आने की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीणों ने अंतिम सस्कार को रोक दिया और स्थानीय सरपंच सहित जनप्रतिनिधियों से समझकर शव को दोबारा अस्पताल लाया है जहा अब पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है.

# हज से लौटने पर हाजियों का किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, दिल्ली और मुंबई की ट्रेन से आज हज यात्री रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचे. परिजनों और शहरवासियों ने फूल-मालाओं से उनका इस्तकबाल किया. अल्लाह का शुक्र है, हज की सआदत मिली, सफर बहुत अच्छा रहा. रीवा आकर बहुत खुशी हो रही है.**



हज यात्रियों की वापसी से शहर में खुशी का माहौल है, सभी ने उनके हज की कबूलियत की दुआ की. रीवा रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म में ट्रेन से उतरते हज यात्रियों से को लोगो ने फूल-माला पहनाते हुए गले मिले. सैकड़ों हज यात्री महीने भर की इबादत के बाद आज रीवा लौटे. दिल्ली और मुंबई से आने वाली ट्रेनों से रीवा रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया. हज यात्रियों के चेहरे पर खुशी और सुकून साफ नजर आ रहा था. परिजन सुबह से ही स्टेशन पर पहुंच गए थे. जैसे ही ट्रेन आई, 'हज मकबूल, अल्लाह हू अकबर' के नारे गूंज उठे. सभी का फूल-माला पहनाकर और गले लगाकर स्वागत किया गया.

### आयुष विभाग ने अटल पार्क में किया सामूहिक योगाभ्यास

**रीवा, 20 जून,** जिले भर में 21 जून को विश्व योगदिवस मनाया जायेगा. आयुष विभाग द्वारा सभी आरोग्य केन्द्रों और शिक्षण संस्थानों प्रशिक्षित योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा अटल पार्क में 20 जून को सामूहिक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया.

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में लटकता मिला ताला, भटकते रहे मरीज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जून, रीवा जिले के जवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई नजर आई. अस्पताल की ओपीडी बंद रही और कई कक्षों पर ताले लटके मिले.**

ड्यूटी के समय न तो कोई डॉक्टर मौजूद था और न ही कोई स्वास्थ्य कर्मचारी. इस लापरवाही के कारण दूर-दराज के गांवों से इलाज कराने आए मरीजों को घंटों भटकने के बाद बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा.

अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीज काफी देर तक डॉक्टर का इंतजार करते रहे. कोई जिम्मेदार कर्मचारी न मिलने के कारण कई मरीजों को निराश होकर घर जाना पड़ा. मरीजों ने बयां किया दर्द, बोले- कोई डॉक्टर नहीं मिला इलाज के लिए अस्पताल पहुंची मरीज प्रीतू यादव ने बताया कि ओपीडी पूरी तरह से बंद थी. काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब डॉक्टर या स्टाफ नहीं आया, तो उन्हें मजबूरी में बिना इलाज लौटना पड़ा. अपने परिजन को लेकर पहुंचे राजेश पटेल ने बताया कि अस्पताल में ताला लटका हुआ था. डॉक्टर और स्टाफ के न होने से मरीजों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है. वहीं सुनीता साकेत ने बताया कि ओपीडी बंद मिलने के कारण बिना इलाज वापस जाना पड़ा.

### अक्सर नदारद रहता है अस्पताल स्टाफ

स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि जवा स्वास्थ्य केंद्र में यह कोई नई बात नहीं है. यहां अक्सर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनुपस्थिति देखने को मिलती है. इस घोर लापरवाही से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है.

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/प्रवा./अपर कले./26 सतना दिनांक 16/06/2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलेश सोंधिया पुत्र श्री गंगा प्रसाद सोंधिया (तलाकशुदा), उम्र-31 वर्ष, (10.05.1995), व्यवसाय-प्राईवेट नौकरी स्थायी निवासी-वार्ड नम्बर-18 नई बस्ती हनुमान नगर थाना-कोलगवां, तह.रघुराजनगर जिला सतना (म.प्र.) पिनकोड 485005, आवेदिका आरती सोंधिया पुत्री श्री रामनरेश सोंधिया (तलाकशुदा), उम्र-34 वर्ष (09.02.1992), व्यवसाय-गृहकार्य स्थायी निवासी-23 नम्बर बंगला के पीछे, नरेंद्र नगर वार्ड नम्बर-17, थाना-अमहिया, तहसील-हुजूर जिला-रीवा (म.प्र.) पिनकोड 486001 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 11/06/2026 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**